# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

**AMAR UJALA**

न्यूज डायरी

## जेसी बोस विवि में 200 लोगों ने किया रक्तदान



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन और रोटरी क्लब ऑफ (फरीदाबाद स्मार्ट सिटी) के संयुक्त तत्वावधान से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसमें विद्यार्थी, विवि कर्मचारी और संकाय सदस्य शामिल रहे। सोमवार सुबह 9 से शाम 4 बजे तक रक्तदान का शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, एलुमनाई एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कुलसचिव डॉ. गर्ग ने विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर का समन्वयन विवि की एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस विंग निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल और सुशील कुमार की देखरेख में किया गया। शिविर में एलुमनाई एसोसिएशन से महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, उपाध्यक्ष अशोक नेहरा और कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंह नारंग तथा रोटरी क्लब से अध्यक्ष नवीन गुप्ता, सचिव आरएन कंसल, उपाध्यक्ष दिनेश कपूर, अजय दीवान, राकेश भाटिया, भूपेंद्र सिंह और विपिन चंदा भी उपस्थित थे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

**PUNJAB KESARI**

# शिविर में 200 यूनिट रक्तदान

फरीदाबाद, 14 अक्तूबर (ब्यूरो) : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वाईएमसी, माब एलुमनी एसोसिएशन तथा रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद स्मार्टसिटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



*रक्तदान शिविर में प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग।*

शिविर में विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकाय सदस्य सहित 200 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर प्रात: 9 बजे प्रारंभ हुआ और सायं 4 बजे तक चलाए जिसका शुभारंभ कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग तथा एलुमनाई एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कुलसचिव डॉ गर्ग ने विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस विंग द्वारा निदेशक, युवा कल्याण डा प्रदीप डिमरी, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल तथा सुशील कुमार की देखरेख में किया गया।

रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर के संचालन में रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट फरीदाबाद ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue, 15 October 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

## HINDUSTAN




फरीदाबाद स्थित जेसी . बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को आयोजित शिविर में छात्रों ने रक्तदान किया।

# रक्तदान शिविर में दो सौ से ज्यादा हुए शामिल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को वाईएमसीए मॉब एलुमनाई एसोसिएशन तथा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद स्मार्टसिटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दो सौ से ज्यादा छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शिविर शुभारंभ कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया।

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

## PUNJAB KESARI.COM

# रक्तदान सें बड़ा कोई दान नहीं

**फरीदाबाद,**राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वाईएमसीए माब एलुमनी एसोसिएशन तथा रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद स्मार्टसिटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकास सदस्य सहित 200 से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ और सायं 4 बजे तक चला, जिसका शुभारंभ कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग तथा एलुमनाई एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति में




किया गया। कुलसचिव डॉ. गर्ग ने विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस विंग द्वारा निदेशक, युवा कल्याण डा. प्रदीप डिमरी, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल तथा सुशील कुमार की देखरेख में किया गया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर के संचालन में रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट फरीदाबाद ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को च्देने के सुखज् की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। डॉ. प्रदीप डिमरी ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है।

पंजाब केसरी Tue, 15 October 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/44689218

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# रक्तदान किया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी एलुमनी असोसिएशन व रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी ने संयुक्त रूप से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें यूनिवर्सिटी के लगभग 200 छात्रों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ जो शाम 4 बजे तक चला। इसका शुभारंभ यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया।

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

**DAINIK JAGRAN**

विविध गतिविधियां

# 200 से अधिक छात्रों ने किया रक्तदान

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय वाईएमसीए परिसर में मॉब एलुमनी एसोसिएशन और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक छात्रों, कर्मचारियों व संकाय सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर का संयोजन डॉ. प्रदीप डिमरी, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल तथा सुशील कुमार की देखरेख में किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शिविर के सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान सही मायने में मानव सेवा है। इस दौरान एलुमनी एसोसिएशन से महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, उपाध्यक्ष अशोक नेहरा और कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह नारंग मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 15.10.2019**

**DAINIK BHASKAR**

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी में लगे शिविर में 200 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से एलुमनी एसोसिएशन व रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों व संकास सदस्यों सहित 200 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग तथा एलुमिनाई एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। कुलसचिव डा. गर्ग ने विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को 'देने के सुख' की अनुभूति कराता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग ने रक्तदान शिविर में सहयोग के लिए एलुमिनाई एसोसिएशन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों का आभार जताया। शिविर में एलुमिनाई एसोसिएशन से महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, उपाध्यक्ष अशोक नेहरा और कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंह नारंग तथा रोटरी क्लब से अध्यक्ष नवीन गुप्ता, सचिव आरएन कंसल, उपाध्यक्ष दिनेश कपूर, अजय दीवान, राकेश भाटिया, भूपेन्द्र सिंह आदि थे।